तापमान

अधिकतम 44.4 डिग्री
न्यूनतम 20.3 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

11 दमकल कर्मियों की क्रमिक भूख हड़ताल शुरू



12 कीटनाशक विक्रेताओं ने की हड़ताल



## खबर संक्षेप

### बाइकों की टक्कर के बाद गिरे युवक को कैंटर ने कुचला, मौत

**सोनीपत।** गांव बैंयापुर स्थित राजकीय स्कूल के सामने दो बाइकों की टक्कर के बाद सड़क पर गिरे युवक को कैंटर ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रदीप सरोहा (33) निवासी हरसाना कलां के रूप में हुई है, जो निजी स्कूल की वैन चलाते थे। पुलिस के अनुसार, वह सोमवार सुबह बच्चों को स्कूल छोड़कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर गए और पीछे से आ रहे कैंटर की चपेट में आ गए। उन्हें तुरंत नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक रिपेयरिंग की दुकान में आग लगी

**गोहाना।** महम रोड स्थित रेलवे फाटक के पास एक बाइक रिपेयरिंग की दुकान में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। आग में दुकान में खड़ी चार बाइकें, बैटरियां और अन्य सामान जलकर राख हो गया। दुकानदार राजेश निवासी गांव बरोदा ने बताया कि वह रविवार शाम को दुकान बंद कर घर चला गया था। रात में अचानक आग लग गई। पास में चल रहे एक शादी समारोह के दौरान किसी व्यक्ति ने दुकान के बोर्ड पर लिखे नंबर से सूचना दी। मौके पर पहुंचने तक आग पूरी तरह फैल चुकी थी। जिससे बाइक व अन्य सामान जल गया। आसपास के दुकानदारों ने राजेश को ढांढस बंधाया।

### नकदी व आभूषण चोरी करने के आरोपी पकड़े

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट सेक्टर-27 पुलिस टीम ने घर से आभूषण और नकदी चोरी करने की घटना में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान शिवम और शुभम दोनों निवासी गांव चौहान जोशी जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 7 अप्रैल 2026 को आशीष पुत्र प्रकाश निवासी गांव चौहान जोशी ने थाना बहालगढ़ में शिकायत दी थी कि वह 2 अप्रैल से 6 अप्रैल तक परिवार सहित उज्जैन घूमने गया था। घर लौटने पर कमरे की अलमारी के लॉकर का ताला टूटा मिला। जांच करने पर अलमारी से 1 लाख 70 हजार रुपये, चार सोने के कड़े, तीन सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन और एक सोने का सेट चोरी मिला।
मामले में कार्रवाई करते हुए सहायक उप निरीक्षक संजीव की टीम ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के कब्जे से चोरीशुदा आभूषण और 1500 रुपये बरामद किए गए। दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

---

आर्य के वोटर कार्ड को लेकर संशय

**चुनाव अधिकारी के दस्तावेज मांगने पर जमा नहीं करवाए**

# मेयर पद के लिए आप प्रत्याशी सत्यवीर आर्य का नामांकन रद्द, अब 9 उम्मीदवार मैदान में

चुनाव अधिकारियों की जांच में मेयर के लिए 2 कवरिंग समेत 11 के नामांकन सही मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत नगर निगम चुनाव के तहत सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया पूरी हुई। जिला प्रशासन और निर्वाचन अधिकारियों की मौजूदगी में मेयर व पार्षद पद के उम्मीदवारों के दस्तावेजों की बारीकी से समीक्षा की गई। जांच के दौरान आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा, जब पार्टी प्रत्याशी सत्यवीर आर्य का नामांकन तकनीकी आधार पर रद्द कर दिया गया। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी रमेश कुमार खत्री के दो नामांकनों में से एक को भी निरस्त किया गया। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, मेयर पद के लिए कुल 13 नामांकन दाखिल हुए थे। स्क्रूटनी के बाद 11 नामांकन वैध पाए गए, जिनमें दो कवरिंग उम्मीदवार शामिल हैं। ऐसे में अब मुख्य मुकाबले में 9 प्रत्याशी ही शेष रह गए हैं। अंतिम स्थिति 28 अप्रैल को नाम वापसी के बाद स्पष्ट होगी। सूत्रों के अनुसार, आप प्रत्याशी की वोटर आईडी को लेकर संदेह था और उनका नाम नगर निगम क्षेत्र की मतदाता सूची में नहीं पाया गया। तय समय सीमा में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर उनका नामांकन रद्द किया गया।

### महापौर : अब इनके बीच होगी टक्कर

जांच के बाद भाजपा से निवर्तमान मेयर राजीव जैन मुख्य उम्मीदवार हैं, जबकि दिव्यांक जैन कवरिंग उम्मीदवार हैं। कांग्रेस ने कमल दीवान को प्रत्याशी बनाया है और मेघा दीवान कवरिंग में हैं। इनेलो से आनंद कुमार और पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया से हवा सिंह मैदान में हैं। इसके अलावा रमेश कुमार खत्री, कमलेश सैनी, संत धर्मवीर चोटीवाला, अनल सिंघल और चांद राम निर्दलीय उम्मीदवार हैं।

### 28 तक नाम वापस ले सकेंगे प्रत्याशी

जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, इच्छुक उम्मीदवार 28 अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं। इसके बाद अंतिम सूची जारी कर चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। मतदान 10 मई को सुबह 8 से शाम 6 बजे तक होगा, जबकि मतगणना 13 मई को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। पार्षद पद के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच भी पूरी कर ली गई है। कुछ वार्डों में तकनीकी कारणों से नामांकन खारिज हुए हैं, जिनकी सूची संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा जारी की जाएगी। प्रशासन ने सभी उम्मीदवारों से आचार संहिता के पालन की अपील की है।

### तीन पार्षद उम्मीदवारों के पर्चे भी हुए रद्द

**सोनीपत।** नगर निगम सोनीपत चुनाव के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में निर्धारित 22 वार्डों के लिए कुल 110 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। सोमवार को इन सभी नामांकन पत्रों की जांच की गई और तीन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द किए गए। अब पार्षद पद के लिए 107 उम्मीदवार बचे हुए हैं। नामांकन जांच प्रक्रिया के दौरान वार्ड 6 से पूनम, वार्ड 8 से नीतू तथा वार्ड 17 से गौरव का नामांकन रद्द किया गया है। बता दें कि वार्ड 6 से पूनम इनेलो प्रत्याशी हैं, लेकिन बैकवर्ड ए के लिये रिजर्व सीट पर पूनम ने बैकवर्ड क्लास का सर्टिफिकेट नहीं लगा रखा था। वहीं वार्ड नंबर 17 से प्रत्याशी गौरव की उम्र जांच में कम निकली, वे 18 वर्ष से कम आयु के थे। इसके अलावा नीतू कांग्रेस प्रत्याशी की कवरिंग कैंडिडेट थी, उनके फार्म में प्रपोजर के हस्ताक्षर नहीं थे। नामांकन जांच प्रक्रिया के बाद 22 वार्डों में वार्ड 1 से 5, वार्ड 2 से 3, वार्ड 3 से 5, वार्ड 4 से 6, वार्ड 5 से 7, वार्ड 6 से 3 उम्मीदवार, वार्ड 7 से 6, वार्ड 8 से 5, वार्ड 9 से 4, वार्ड 10 से 6, वार्ड 11 से 3 उम्मीदवार बचे हैं। वहीं वार्ड 12 से 3, वार्ड 13 से 3, वार्ड 15 से 5, वार्ड 16 से 7, वार्ड 17 से 8, वार्ड 18 से 5, वार्ड 19 से 4, वार्ड 20 से 4, वार्ड न 21 से 4, वार्ड 22 से 8 बचे हैं।

■ वार्ड 6 से पूनम, वार्ड 8 से नीतू तथा वार्ड 17 से गौरव नहीं लड़ सकेंगे चुनाव, अब 107 उम्मीदवार शेष बचे

## सामान्य पर्यवेक्षक पंकज ने बैठक लेकर की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम चुनाव-2026 के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सामान्य पर्यवेक्षक की नियुक्ति की है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि पंकज, आईएएस आयुक्त नगर निगम पानीपत को नगर निगम सोनीपत के चुनाव के लिए जनरल ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पूर्व में नियुक्त अंकित कुमार चौकसे, आईएएस, अतिरिक्त उपायुक्त पानीपत के स्थान पर की गई है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सोमवार को जनरल ऑब्जर्वर पंकज कुमार ने मेयर पद के आरओ अजय चोपड़ा (एडीसी) के साथ चुनाव तैयारियों की समीक्षा भी की।



सोनीपत। अधिकारियों की बैठक लेते पर्यवेक्षक।

### डीआरओ सुशील शर्मा होंगे शिकायतों के नोडल अधिकारी

राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा ने चुनाव-2026 के दौरान शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। सोनीपत नगर निगम चुनाव के लिए जिला राजस्व अधिकारी सुशील शर्मा को यह जिम्मेदारी दी गई है। वे आचार संहिता उल्लंघन, आम नागरिकों व राजनीतिक दलों से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।

---

## खड़ी स्कॉर्पियो बनी आग का गोला दमकल पहुंची तब तक जलकर राख



**सोनीपत।** सर्विस रोड पर आग लगने के बाद जलती स्कॉर्पियो। फोटो : हरिभूमि

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट माना जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

कुंडली क्षेत्र में टीडीआई के पास स्थित हुंडई शोरूम के नजदीक सर्विस रोड पर सोमवार को खड़ी एक स्कॉर्पियो में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते गाड़ी आग के गोले में तब्दील हो गई और कुछ ही देर में पूरी तरह जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि घटना के समय गाड़ी में कोई सवार नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। दमकल विभाग को दोपहर बाद सूचना मिली, लेकिन उस समय टीम जठेड़ी गांव के खेतों में लगी आग बुझाने में व्यस्त थी। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची, मगर तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी।

### वाहन मालिक की हुई पहचान

फायर ऑफिसर राजेश के अनुसार, कर्मचारियों की कमी और हड़ताल के चलते सीमित संसाधनों में काम करना पड़ रहा है। जली स्कॉर्पियो गांव बादशाहपुर माच्छरी निवासी बनी सिंह की बताई गई है, जो किसी काम से वहां आए थे। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अफसरों ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जाएगी।

## युवक से ट्रेडिंग के नाम पर 5.86 लाख की ठगी

**सोनीपत।** गांव दहिसरा निवासी एक युवक से टेलीग्राम पर ट्रेडिंग के नाम पर 5.86 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने फर्जी ऐप और कंपनियों के नाम पर कई चरणों में रकम ट्रांसफर करवाई और बाद में संपर्क तोड़ दिया। पीड़ित बलदेव ने साइबर थाना में शिकायत दी कि 28 दिसंबर 2025 को उसे टेलीग्राम ग्रुप का लिंक मिला, जहां मोटे मुनाफे का झांसा दिया गया। ठगों ने ऐप डाउनलोड करवाई और शुरुआत में थोड़ा लाभ दिलाकर भरोसा जीता। इसके बाद



अलग-अलग खातों व यूपीआई आईडी में 45 बार में रकम डलवाई गई।जब पीड़ित ने पैसे निकालने की कोशिश की तो ऐप बंद हो गया और संपर्क टूट गया। इसके बाद उसने 1930 हेल्पलाइन व ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

## कागजात पर हस्ताक्षर के बहाने बुलाकर ननदोई ने किया दुष्कर्म

■ पुलिस ने शिकायत पर दुष्कर्म, नशीला पदार्थ देने धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज किया

**खरखौदा।** क्षेत्र में एक महिला से उसके ननदोई द्वारा दुष्कर्म और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि वह मायके आई हुई थी, तभी आरोपी ने कागजात पर हस्ताक्षर के बहाने उसे खरखौदा बुलाया। आरोपी उसे होटल में ले गया और नशीला पेय पिलाकर दुष्कर्म किया। साथ ही उसकी अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता रहा और कई बार दुष्कर्म किया। विरोध करने पर पति को जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी जगबीर के खिलाफ दुष्कर्म, नशीला पदार्थ देने और धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं।

## फैक्ट्री मालिक को धमकी, वसूली का आरोप

**सोनीपत।** गांव धतूरी स्थित एक इंजीनियरिंग यूनिट के संचालक की शिकायत पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ अवैध वसूली और धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया है। मामले के बाद गांव में विवाद गहरा गया है और ग्रामीणों ने पुलिस व फैक्टरी प्रबंधन की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। फैक्टरी संचालक विनीत परुथी ने शिकायत में बताया कि गांव के कुछ लोग उनसे 25 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी यूनिट सभी सरकारी मानकों का पालन कर रही है, इसके बावजूद उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा था। रकम देने से इनकार करने पर उनके प्रतिष्ठान के खिलाफ झूठी शिकायतें करने और धमकी देने का आरोप लगाया गया। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि फैक्टरी से निकलने वाले धुएं और अपशिष्ट से क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है, जिससे स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। इस संबंध में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में भी शिकायत दी जा चुकी है और जांच के लिए समिति गठित की गई है।

**ग्रामीण बोले, एनजीटी में दी शिकायत वापस लेने का डाला जा रहा दबाव**

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत के बाद पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उनसे एनजीटी में दी गई शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। हालांकि, पुलिस ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

## कुत्तों के काटने पर 90 दिन के अंदर करें पोर्टल पर अप्लाई

**सोनीपत।** उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को सोनीपत के लघु सचिवालय में दयालु-2 योजना के तहत आवेदनों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें योजना के सभी बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए कितनी आर्थिक सहायता राशि दी जानी है, यह निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने बैठक के दौरान 17 केसों के दस्तावेजों की जांच की व आर्थिक सहायता राशि से संबंधित निर्णय लिए। उन्होंने 17 आवेदनों में से 15 पीडितों व पीडित परिवार को सहायता राशि देने का निर्णय दिया व 2 आवेदनों को दस्तावेजों के कमी के कारण अस्वीकार किया।


---

## करनाल के गुरुकुल में गन्नौर के बच्चे के साथ मारपीट, स्कूल संचालक पर धमकाने का आरोप

### परिजनों ने पुलिस को दी उत्पीड़न की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर


गन्नौर थाना क्षेत्र के एक गांव के नाबालिग छात्र के साथ करनाल स्थित एक निजी गुरुकुल में मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित के परिजनों ने थाना गन्नौर में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, 21 अप्रैल को बच्चे का दाखिला गुरुकुल में कराया गया था। 27 अप्रैल को परिजन जब उससे मिलने पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बच्चे की पिटाई की जा रही थी। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले। इसके बाद परिजन उसे अपने साथ घर ले आए।परिजनों ने आरोप लगाया कि गुरुकुल संचालक ने बच्चे को धमकाया भी। घटना को लेकर परिवार में रोष है और उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक बीर सिंह ने



बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामला करनाल क्षेत्र का है, जिसकी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### निजी विश्वविद्यालय के छात्र से मारपीट पुलिस जांच में छह जगह मिलीं चोटें

**सोनीपत।** सेक्टर-27 थाना क्षेत्र में एक निजी विश्वविद्यालय के छात्र के साथ निजी अस्पताल में मारपीट और दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोलकाता निवासी छात्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह राठधना रोड स्थित एक विश्वविद्यालय में बीकॉम (ऑनर्स) प्रथम वर्ष का छात्र है। 23 अप्रैल की रात वह अपने दोस्त के साथ विवि के पास वाइन शॉप के पास था, जहां उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। छात्र के अनुसार, होश आने पर वह एक निजी अस्पताल के आईसीयू में था, जहां कुछ लोग उसके हाथ-पैर बांधकर उसे चुप रहने की धमकी देते हुए मारपीट कर रहे थे। उसे परिजनों से बात भी नहीं करने दी गई। डायल-112 की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र का मेडिकल परीक्षण कराया। रिपोर्ट में शरीर पर छह चोटें पाई गईं। पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर स्टाफ से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में छात्र को बेड से बांधकर मारपीट करने की बात सामने आई है। पुलिस ने केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।




## नीट की प्रवेश परीक्षा की तैयारियां पूरी, 8 केंद्रों पर 2543 देंगे पेपर

**सोनीपत।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि 3 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-2026 को लेकर जिले में सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्र अधीक्षक जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत कार्य सुनिश्चित करें, ताकि परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने बताया कि जिले में 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 2543 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। पीएम श्री जीजीजीएस, मुरथल अड्डा में 720, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन 360, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, नाहरा 33, पीएम श्री जीजीजीएस, मुरथल 240, ताऊ देवीलाल राजकीय पीजी कन्या कॉलेज, मुरथल 240, पीएम श्री जीजीजीएस, अकबरपुर बारोटा 240, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गढ़ी ब्राह्मणान 240, राजकीय कन्या कॉलेज, सेक्टर-12, सोनीपत 167 परीक्षार्थी पेपर देंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को शांत वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ सभी विभाग बेहतर समन्वय के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा के दिन ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने के लिए विशेष योजना लागू की जाए। सभी केंद्रों पर पेयजल, बिजली, छाया, शौचालय और बैठने की उचित व्यवस्था हो। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रखा जाएगा।



**सोनीपत।** अधिकारियों की बैठक लेतीं उपायुक्त नेहा सिंह।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com



रोहतक,मंगलवार
28 अप्रैल 2026

हरिभूमि सहेली



विशेषः विश्व हास्य दिवस, 3 मई

क्या आप हमेशा अपने काम में डूबी रहती हैं-काम.. काम.. बस काम। हंसी-ठिठोली से दूर, चेहरे पर जरा-सी भी मुस्कान नहीं। एक असहज जीवन, बोझिल-सा मन। यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। हंसिए जरूर। हंसी मन को संभालती है, तनावमुक्त रखती है, एक सुकून देती है। हंसी हमें सहज-सरल बनाती है। इतना ही नहीं, हंसी रिश्तों को भी जोड़ कर रखती है। हंसी हमें प्रफुल्लित रख जीवन को जीवंत बनाती है।

# हंसो-हंसाओ बने रहो जीवंत

कवर स्टोरी



कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

जन्म लिया बच्चा जो बोल नहीं पाता, वह मुस्कुराता है, हंसता है, इसी के जरिए दुनिया से अपना पहला रिश्ता बनाता है। शायद इसी कारण हंसी मात्र एक भाव नहीं, संवाद का एक खूबसूरत जरिया भी है। एक समय था, जब रिश्तों के भीतर हंसी-ठिठोली किसी जीवंत तंतु की तरह फैली रहती थी, जो उन्हें भीतर से जोड़े रखती थी। ऐसा भी नहीं है तब कामों की थकान और शिकायतें नहीं होती थीं, लेकिन इन सब पर भारी पड़ती थी-हंसी। यही हंसी, थके शरीर को एक राहत देती थी।

## हंसी के लिए नहीं चाहिए होता था खास मौका

पहले के समय में हंसी किसी खास मौके की मोहताज नहीं होती थी, वह तो रोजमर्रा की गतिविधियों में घुली-मिली रहती थी। हंसी एक ऐसा संवाद होता था, जिसमें चलते-फिरते सब शामिल हो जाते थे-छोटा, बड़ा, बूढ़ा और जवान। हर किसी के पास हंसी का अपना एक किस्सा, एक अंदाज होता था। घर के आंगन में चार औरतें बैठीं नहीं कि बातें शुरू, इन बातों के बीच हंसी अपने आप जन्म ले लेती थी। दो लोगों को हंसते देख कब स्वयं भी हंसी का फव्वारा फूट पड़ता, पता ही नहीं चलता था। इस तरह हंसी हमें आपस में जोड़ती थी।



## हंसी रिश्तों में घोलती थी मिठास

देवर-भाभी का रिश्ता तो जैसे हंसी का सबसे प्यारा संग-साथ होता था। नई बहू घर में आती, तो देवरों की शरारतें शुरू हो जातीं-कोई रास्ता रोक लेता, कोई नाम बिगाड़ देता, कभी खुद ही ऐसी बात कह बैठते कि भाभी ही नहीं, दादी, मां और बहनें भी हंसी में शामिल हो जातीं। भाभी भी कम नहीं होतीं-एक ही पंक्ति में ऐसा जवाब देती कि घर-आंगन ठहाकों से गूंज उठता। इसमें कोई मर्यादा नहीं टूटती थी- एक ऐसा अपनापन होता था, जो धीरे-धीरे रिश्तों को खोल देता था। सबसे खास बात यह होती थी कि उस समय कोई अकेला नहीं होता था। अगर किसी का चेहरा बुझा-बुझा सा दिख जाए, तो उसे यूं ही नहीं छोड़ दिया जाता। दो-चार औरतें पास बैठ जातीं और फिर शुरू हो जाती थी हल्की-फुल्की छेड़छाड़, जो धीरे-धीरे हंसी में बदल जाती। बिना समझाए, बिना समझे ही मन हल्का हो जाता था।



## महसूस होता है एक सुकून

पहले के लोग भले ही ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं होते थे, लेकिन उन्हें जीने की समझ गहरी हुआ करती थी। उन्हें यह नहीं पता था कि हंसने से शरीर में एंडॉर्फिन बनता है या डोपामिन बढ़ता है, लेकिन इतना जरूर जानते थे कि खुलकर हंसने के बाद मन हल्का हो जाता है। आज विज्ञान बताता है कि जब हम हंसते हैं तो शरीर में ऐसे तत्व सक्रिय होते हैं, जो दर्द कम करते हैं, मन को स्थिर रखते हैं और तनाव घटाते हैं। साथ बैठकर हंसने से अपनापन बढ़ता है, भरोसा मजबूत होता है। यही कारण है कि खुलकर हंसने के बाद एक सुकून-सा महसूस होता है।

## हंसी की जरूरत पहले से कहीं अधिक

आज मनुष्य पहले से अधिक सक्षम है, मजबूत है, लेकिन कहीं न कहीं पहले से ज्यादा अकेला भी हो गया है। वह सब कुछ संभाल रहा है, पर किसी से अपने मन की कहने का अवसर उसे कम मिलता है। ऐसे समय में हंसी की जरूरत पहले से कहीं अधिक है। जरूरत यह नहीं कि हम पुराने समय में लौट जाएं, बल्कि यह है कि हंसी जैसी सरल और सुंदर आदत को फिर से अपने व्यवहार में जगह दें, मिलकर हंसने की आदत डालें। लोगों से संवाद करें। अपनी बात कहें, दूसरों की सुनें और बीच-बीच में खुलकर हंसें भी। रोज नहीं तो हफ्ते में एक दिन ही सही, थोड़ा समय अपनों के लिए निकालें, उनके साथसाथ बैठें, बिना किसी खास वजह के बातें करें। और अगर कोई चुप दिखाई दे, तो उसके पास जाकर बैठें, क्योंकि सच यही है कि सिर्फ बातों से किसी का दुख-तनाव कम नहीं किया जा सकता। कई बार एक सहज, साझा हंसी ही मन का सबसे बड़ा सहारा बन जाती है। हास्य दिवस हमें यही याद दिलाता है कि हंसी कोई व्यर्थ चीज नहीं है। हंसी में जीवन को हल्का करने की ताकत है, रिश्तों को जोड़ने की ताकत है और मन को संभालने का सबसे सरल उपाय भी यही है।

आइए, हम फिर से अपने जीवन में हंसी के लिए जगह बनाएं। आंगन छोटा हो तो क्या, दिल बड़ा रखें। हम बैठकी सजाएं, ठहाके लगाएं और एक-दूसरे से दिल की कहें, मौज-मस्ती करें, चुहलबाजी करें और हंसते रहें। क्योंकि अंत में हमारे साथ जो रह जाता है, वह केवल हमारी कमाई नहीं होती, बल्कि यह होता है कि हमने अपनी उस कमाई से कितनों के चेहरे पर सच्ची मुस्कान दी है।

# प्यार और परवाह भरे हों छुट्टियों के दिन

समर वैकेशन का समय बच्चों के लिए दिन भर की व्यस्तता वाली नियमित दिनचर्या से भले अलग हो, लेकिन इस समय का सदुपयोग जरूरी है। इसके लिए एक प्लानिंग बना ली जानी चाहिए। पैरेंट्स और बच्चे मिलकर छुट्टियों को प्यार और परवाह भरे दिन बनाएं।

बच्चे और आप

डॉ. मोनिका शर्मा



साल भर बाद आने वाली छुट्टियों यानी समर वैकेशन का समय सीमित ही होता है। यही दिन कहीं जाने या किसी के अपने घर आने के दिन भी होते हैं। इसीलिए सही प्लानिंग बनाकर बच्चों की रुचि के मुताबिक कुछ एक्टिविटीज से जुड़ने की राह चुनना जरूरी है। असल में छुट्टियों के सही उपयोग और नियोजन के लिए पहले दिन से ही कुछ बातें तय कर लेना जरूरी है। समर क्लासेस की ज्वाइनिंग से लेकर अपने रूम को ऑर्गनाइज्ड करने और हम उम्र साथियों के खेलने-कूदने के साथ ही परिवार संग वक्त बिताने के सहज से गाइडलाइंस को इस प्लानिंग का हिस्सा बनाएं। बीते एकेडमिक ईयर या आने वाली क्लास के मुताबिक कोई होमवर्क दिया गया हो तो उसे पूरा करने को लेकर भी टाइम टेबल बनाना चाहिए।

**समझें समर क्लास की उपयोगिताः** गर्मियों की छुट्टियों में समर कैंप या क्लासेस भी बच्चों के लिए कुछ नया सीखने-समझने का अच्छा अवसर होते हैं। इस समय बच्चे अपनी हॉबी या स्किल्स निखारने के लिए कोई कोर्स कर सकते हैं। इन स्किल्स के क्लासरूम में बच्चों पर अच्छा परफॉर्म करने का कोई मानसिक दबाव नहीं होता। प्रतियोगिता से दूर सहज माहौल में बच्चे कुछ नया सीखते हैं। समर क्लासेस बच्चों को क्रिएटिव मोर्चे पर मन का करने का अवसर देते हैं। हॉबी क्लासेस में बच्चे रचनात्मक रूप से बहुत सक्रिय रहते हैं। असल में समर क्लासेस में बच्चे अपने ही आस-पास की अनदेखी-अनजानी दुनिया को एक्सप्लोर करते हैं। गिनती के दिनों के ये क्लासरूम बच्चों की क्षमता और प्रतिभा को रचनात्मकता का प्यारा कैनवास देते हैं। जिस पर बच्चे बिना किसी तनाव के अपनी मर्जी के रंग भरते हैं।



**बच्चों के लिए चुनें सही कोर्सः** सभी पैरेंट्स सोचते हैं कि गर्मी की छुट्टी में बच्चों को क्या ऐसा कोर्स कराएं कि अवकाश के दिनों में भी उनका समुचित विकास हो। जरूरी यह है कि पैरेंट्स की इच्छा से बच्चों के रुचि-रुझान का भी मेल हो। इन दिनों क्रिकेट, स्केटिंग, योग, कसरत, डांस, म्यूजिक, स्केचिंग, पेंटिंग, स्टोरी टेलिंग और पब्लिक स्पीकिंग जैसी कई तरह की क्लास चलती हैं, पर कोई भी कोर्स नहीं चुना जा सकता। ना ही हर कोर्स, हर बच्चे के लिए सही होता है। इसीलिए घर के छोटे सदस्यों की रुचि और उम्र के अनुसार ही कोर्स का चयन करना आवश्यक है। इस मोर्चे पर पैरेंट्स अपनी पसंद बिलकुल भी न थोपें। छुट्टियां खुशियों का ही समय होता है। बिना किसी के दबाव के कलात्मक गतिविधियां करने से डोपामाइन हार्मोन बढ़ता है। यह हार्मोन बच्चों को खुशी और शांत मन की सौगात देता है। प्रसन्न और पॉजिटिव माइंडसेट से किए गए ऐसे शॉर्ट-टर्म कोर्स कई बार जिंदगी भर के लिए बच्चों के शौक की बुनियाद बना देते हैं।

**घर में भी रचनात्मक गतिविधियांः**समर क्लास या समर कैंप न जाने वाले बच्चे घर में भी क्रिएटिव छुट्टियां बिता सकते हैं। समर वैकेशन में आस-पड़ोस के बच्चे मिल-जुलकर कुछ नया सीख सकते हैं। कुछ एक्टिविटीज में तो पैरेंट्स भी शामिल हो सकते हैं। बच्चों के साथ पैरेंट्स कोई नई रेसिपी बना सकते हैं। इससे बच्चे घर और रसोई के छोटे-छोटे काम करना सीखेंगे। घर में पैरेंट्स के साथ क्वालिटी टाइम बिताते हुए बच्चे घर और अपना कमरा साफ रखने और चीजों को सही जगह पर जांचने का पाठ भी पढ़ सकते हैं। फुर्सत के पलों में सहज अंदाज में दिए गए अभिभावकों के दिशा-निर्देश बच्चों को बोझ भी नहीं लगते। इतना ही नहीं बच्चे ऑनलाइन क्लासेस के जरिए भी कोई नई भाषा सीख सकते हैं। तकनीकी फील्ड में रुचि हो तो कोडिंग, रोबोटिक्स या डिजिटल आर्ट के क्लास ले सकते हैं। सुबह-शाम बच्चों के साथ इंडोर गेम्स खेलने के लिए समय निकालना भी फुर्सत में कुछ पल बिताने का बहुत प्यारा तरीका है।

एडवाइस

ललिता गोयल

वर्किंग वूमेन के लिए घर के साथ वर्कप्लेस की जिम्मेदारियां निभाना आसान नहीं होता है। वहां भी उन्हें कई तरह के चैलेंजेस और प्रॉब्लम्स को फेस करना पड़ता है। ऐसे में परेशान होने के बजाय आपको उन्हें हैंडल करने का तरीका सीखना चाहिए।

# वर्कप्लेस चैलेंजेस-प्रॉब्लम्स को वर्किंग वूमेन ऐसे करें फेस

आज के दौर में बहुत सी महिलाएं वर्किंग हैं। ऑफिस में वर्क प्रेशर के अलावा तरह-तरह के स्ट्रेस का सामना भी उन्हें करना पड़ता है। कुलीग और बॉस का नेचर, ऑफिस का माहौल, कंपनी पॉलिसीज, जेंडर भेदभाव, उचित सैलरी न मिलना, पर्सनल सेफ्टी की चिंता जैसी कई चुनौतियों का सामना वे करती हैं। हाल ही में हुए एक अध्ययन के मुताबिक वर्कप्लेस पर पुरुषों के मुकाबले में महिलाओं में बर्नआउट यानी मानसिक और शारीरिक थकान के मामले ज्यादा देखने को मिलते हैं। ऑफिस प्रॉब्लम्स से निपटने के लिए एक क्लीयर विजन और कॉन्फिडेंस की जरूरत होती है। जानिए, वर्किंग महिलाएं ऑफिस से जुड़ी समस्याओं को कैसे करें हैंडल?

**मल्टीटास्किंग से बचेंः** एक समय में एक ही काम पर ध्यान केंद्रित करें, इससे गलतियां कम होती हैं। अगर आपके पास पहले से ही बहुत काम है, तो अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से बचें। अपनी जिम्मेदारियों और चुनौतियों के बारे में अपने मैनेजर या एचओडी से बात करें। संभव हो तो फ्लेग्जिबल वर्किंग ऑवर या वर्क फ्रॉम होम का ऑप्शन चुनें। कुलीग्स के साथ हेल्दी रिलेशन बनाएं।

**जेंडर भेदभावः** कई बार वर्कप्लेसेस पर गलत धारणाएं बना ली जाती हैं कि महिलाएं देर तक नहीं रुक सकतीं या शादी-मां बनने के बाद वे काम को लेकर कंसंट्रेट नहीं कर पाती हैं। इसे 'ग्लास सीलिंग' भी कहते हैं, जहां योग्यता के बावजूद उनको प्रमोशन या उचित इंक्रीमेंट नहीं मिलता है। इस समस्या से निपटने के लिए अपनी उपलब्धियों को डेटा और रिजल्ट्स के साथ पेश करें। कॉन्फिडेंट होकर अपनी बात रखें।



**वर्कप्लेस सेफ्टीः** ऑफिस में देर शाम तक काम के दौरान या फील्ड वर्क के दौरान सुरक्षा की चिंता, लगभग सभी वर्किंग वूमेन को होती है। इसके अलावा कई बार मेंटल टॉर्चर या हैरेसमेंट का भी उनको सामना करना पड़ता है। ऐसे में अपनी कंपनी की पॉलिसी के बारे में जागरूक रहें। किसी भी गलत व्यवहार को शुरुआत में ही टोकें। किसी भी तरह के भेदभाव या असुरक्षित व्यवहार को अनदेखा न करें और शिकायत दर्ज करने में जरा भी संकोच न करें।

**वर्क प्रेशरः** ऑफिस में पहले उन कामों को करें, जो ज्यादा जरूरी हैं। इसके अलावा गैरजरूरी काम या दूसरों के काम खुद न करें। अपने रोल के हिसाब से अपने कार्यों की पूरी लिस्ट बनाएं और इसके बाद इन्हें प्रायोरिटी के हिसाब से सेट कर लें। खुद को कभी भी ओवर वर्कलोडेड न रखें। हर काम को परफेक्ट बनाने की कोशिश कई बार तनाव बढ़ा देती है। इसलिए खुद से बहुत ज्यादा उम्मीद ना रखें। अगर कभी कोई काम समय पर नहीं हो पाता या परफेक्ट नहीं हो पाता तो खुद को दोष देने की बजाय अगले दिन उसे बेहतर तरीके से करें।

**सीमाएं निर्धारित करेंः** ऑफिस टाइम के बाद बहुत इंपॉर्टेंट न होने पर कॉल्स या ई-मेल्स चेक करने से बचें। काम की लिस्ट बनाकर, उन्हें ऑफिस टाइम में ही पूरा करें। अगर आप ऐसा करती है तो दिन के आखिर में आपके सारे काम पूरे हो जाएंगे, जिससे फील गुड होगा।

**(मनोवैज्ञानिक मीनाक्षी मनचंदा से बातचीत पर आधारित)**



### मन को ऐसे रखें रिलैक्स

**आप अपने** ऑफिस और घर दोनों की जिम्मेदारियां अच्छी तरह निभा पाएं, इसके लिए जरूरी है कि खुद को रिलैक्स रखें और मन को शांत रखें। मन शांत रखने के लिए आप डेली कुछ मिनट तक योगा, मेडिटेशन जैसी एक्टिविटी कर सकती हैं। एक्सरसइज भी मन को शांत रखने का एक बेहतरीन तरीका हो सकता है। जब आप दिन की शुरुआत योगा या मेडिटेशन से करती हैं तो पूरा दिन एनर्जेटिक और हैप्पी फील होता है। इससे दिन भर आप वर्क प्रेशर को आसानी से संभाल सकती हैं। इसके साथ ही स्ट्रेस और थकान से बचने के लिए लगातार काम करने के बजाय छोटे-छोटे ब्रेक लेती रहें।

थेरेपी

डॉ. गौरव गुप्ता
सीनियर साइकिएट्रिस्ट-सीईओ
तुलसी हेल्थकेयर, गुरुग्राम

प्रेगनेंट महिलाएं शारीरिक और मानसिक रूप से हेल्दी रहने के लिए कई उपाय आजमाती हैं। इसमें लाफ्टर थेरेपी भी बहुत फायदेमंद साबित हो सकती है। इसके क्या फायदे हैं और इसे कैसे करना चाहिए, जानिए।

# प्रेगनेंट महिलाओं के लिए फायदेमंद है लाफ्टर थेरेपी

गर्भावस्था हर महिला के जीवन का सबसे खास लेकिन चुनौतीपूर्ण दौर भी होता है। इस दौरान उनके शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलाव, शारीरिक असामान्यता और कई तरह की चिंताएं, महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालती हैं। इस वजह से प्रेगनेंसी का दौर कुछ महिलाओं को मुश्किलों भरा लगने लगता है। ऐसे में गर्भवती महिला के मानसिक स्वास्थ्य और बच्चे की ग्रोथ पर इसका बहुत बुरा असर पड़ सकता है। ऐसे में लाफ्टर थेरेपी यानी हंसी को अपनी डेली रूटीन का हिस्सा बनाना, मां और बच्चे दोनों के लिए लाभकारी हो सकता है। आइए जानते हैं लाफ्टर थेरेपी और इससे होने वाले फायदों के बारे में।


**लाफ्टर थेरेपी क्या हैः** लाफ्टर थेरेपी एक नेचुरल हीलिंग तकनीक है, जिसमें हंसी के माध्यम से तनाव को कम किया जाता है। यह शरीर में एंडोर्फिन (हैप्पी हार्मोन) के स्तर को बढ़ाती है और कॉर्टिसोल (स्ट्रेस हार्मोन) के स्तर को घटाती है।

**लाफ्टर थेरेपी के फायदेः** तनाव और चिंता में कमी गर्भावस्था में मानसिक तनाव आम बात है। हंसी से दिमाग में सकारात्मक ऊर्जा आती है, जिससे मूड बेहतर होता है और चिंता का स्तर कम होता है।



**नींद में सुधारः** हंसी से शरीर रिलैक्स होता है, जिससे नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है। यह गर्भवती महिलाओं के लिए जरूरी है।

**इम्यूनिटी बूस्टरः** लाफ्टर थेरेपी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है। इससे संक्रमण या मौसमी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।



**हार्मोनल बैलेंस में मददः** हंसी हार्मोनल उतार और चढ़ाव को संतुलित करने में सहायक होती है, जिससे मूड स्विंग्स नियंत्रित रहते हैं।

**डिलीवरी के लिए तैयारीः** हंसने से फेफड़े और पेट की मांसपेशियां सक्रिय होती हैं, जिससे श्वसन और रक्त संचार बेहतर होता है। यह डिलीवरी के समय सहनशक्ति बढ़ाने में मदद करता है।

**शिशु पर सकारात्मक असरः** मां के हंसने से गर्भ में पल रहे शिशु तक मां की सकारात्मक भावनाएं पहुंचती हैं। खुश मां का असर शिशु के विकास पर भी बहुत सकारात्मक रूप से पड़ता है।

**कैसे करें लाफ्टर थेरेपीः** रोजाना सुबह 10-15 मिनट हंसने की आदत डालें। लाफ्टर योगा या ग्रुप एक्टिविटीज का हिस्सा बनें। कॉमेडी फिल्में या हल्के-फुल्के टीवी शो देखें। परिवार और दोस्तों के साथ हंसी-मजाक में वक्त बिताएं।

**प्रस्तुतिः निकिता चौहान**

### तब जरूर करें डॉक्टर से कंसल्ट

**लाफ्टर थेरेपी**, प्रेगनेंसी के दौरान दवारहित और पूरी तरह सुरक्षित उपाय है। यह मां के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाकर शिशु के स्वस्थ विकास में मदद करती है। हालांकि अगर गर्भावस्था में किसी प्रकार की मेडिकल जटिलता हो तो डॉक्टर की सलाह लेकर ही इस थेरेपी को अपनाना चाहिए।



स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# गर्मी के मौसम में स्किन केयर गुलाब जल है बहुत कारगर

गुलाब जल का इस्तेमाल सुंदरता निखारने में सदियों से किया जा रहा है। शायद यही वजह है कि जब स्किन केयर की बात आती है तो गुलाब जल का नाम भी आता है। यह आपकी त्वचा और चेहरे को ठंडक प्रदान करता है, जबकि इसकी खुशबू आपको तरोताजा रखती है और मूड को बेहतर बनाती है। गर्मियों में गुलाब जल त्वचा के लिए एक नेचुरल टोनर, क्लींजर और हाइड्रेटर की तरह काम करता है। यह त्वचा को ठंडक, नमी और निखार देता है, साथ ही पीएच स्तर को संतुलित रखता है। यह टैनिंग, सनबर्न, मुंहासों और अतिरिक्त तेल को कम करने में बेहद प्रभावी है। इसे स्प्रे, टोनर या फेस पैक के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं।

**गुलाब जल स्प्रेः** एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर गुलाब जल गर्मियों की तेज धूप से स्किन को सुरक्षित रखता है। गर्मियों में रूखी, बेजान चेहरे की त्वचा को तरोताजा रखने के लिए गुलाब जल को फेस मिस्ट के तौर पर भी इस्तेमाल कर सकती हैं। आप इसे एक बोतल में रखकर चेहरे पर स्प्रे कर सकती हैं। इसे पूरी तरह सोखने दें। अगर आप कील, मुंहासों और दाग-धब्बों से परेशान हैं तो आप रात को सोने से पहले कॉटन बॉल की मदद से गुलाब जल लगाएं और इसे रात भर लगा रहने दें। आप इसे चेहरे पर सीधे भी स्प्रे कर सकती हैं या गुलाब जल को आइस ट्रे में जमा लें और इन आइस क्यूब को चेहरे पर हल्के-हल्के हाथों से मसाज करें। इससे तपती धूप में ठंडक मिलेगी और चेहरे पर ग्लो दिखेगा। गर्मियों के दिनों में ऑयली स्किन पर पिंपल होना आम समस्या है। इससे निपटने के लिए एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी में दो-तीन चम्मच गुलाब जल को मिलाकर बने पेस्ट को चेहरे पर लगा लें और इसे प्राकृतिक तौर पर सूखने दें। पूरी तरह सूख जाने के बाद इसे ताजे ठंडे पानी से धो डालें।



**डार्क सर्कलः** गुलाब जल के उपयोग से आंखों के आस-पास डार्क सर्कल को कम करने में मदद मिलती है। इसके लिए आप प्रभावित क्षेत्र में रूई की मदद से गुलाब जल लगाएं, जिससे त्वचा में नमी बढ़ेगी और डार्क सर्कल धीरे-धीरे कम होंगे। डार्क सर्कल के लिए गुलाब जल और ठंडे दूध को अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण को कॉटन बॉल की मदद से आहिस्ता-आहिस्ता आंखों को नीचे लगाकर आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो डालें। इसे सप्ताह में तीन बार आप यूज कर सकती हैं।

**फेस पैकः** पुदीने और गुलाब जल का पैक त्वचा को मुलायम बनाने में सहायक होता है। पुदीने के रस में एक चम्मच शहद और थोड़ा सा गुलाब जल मिलकर बने पैक को चेहरे पर कुछ देर तक लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालें।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन

**गोहाना।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में सोमवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जमकर छटा बिखेरते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विदाई समारोह की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी सांगवान और उप प्राचार्य डॉ. सतीश कुमार रहे।

### प्रदर्शनी में तकनीकी कौशल का प्रदर्शन

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा डिजाइन किए गए ड्रोन एवं प्रोजेक्ट्स प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्राओं में नवाचार, तकनीकी दक्षता एवं शोध की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। मुख्य अतिथि विवि की कुलपति प्रो. सुदेश रहीं। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. संदीप दहिया ने की। प्रदर्शनी में छात्राओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के ड्रोन मॉडल्स एवं तकनीकी प्रोजेक्ट्स आकर्षण का केंद्र रहे।

### गीता विद्या मंदिर में छात्रों को एनसीसी में किया भर्ती

**गोहाना।** विवेकानंद शिक्षा समिति द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर, गोहाना में सोमवार एनसीसी प्रथम वर्ष के लिए भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। यह भर्ती 15 हरियाणा बटालियन के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। विद्यालय के 47 विद्यार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभागिता करके देश सेवा के प्रति अपनी रुचि एवं समर्पण का परिचय दिया।

### जेएलएन स्कूल में बैग एवं बुक्स कीपिंग स्पर्धा

**गोहाना।** जेएलएन विद्यालय गोहाना में सोमवार को प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए बैग एवं बुक्स कीपिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने बैग तथा पुस्तकों आदि के रख-रखाव के प्रति जागरूक करना था ताकि वे बुक्स तथा बैग को साफ सुंदर तथा सुरक्षित रख सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की।

### समाधान शिविर में 12 फरियादी पहुंचे

**सोनीपत।** उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर के दौरान सोमवार को 12 शिकायतें प्राप्त हुई। सभी शिकायतों पर सुनवाई करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर के दौरान स्वर्ण जयंती पार्क, सोनीपत में सांझा बाजार के तहत मिले कैबीन में बिजली की व्यवस्था करवाने बारे, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनवाने बारे, लोन भरने उपरांत संबंधित बैंक द्वारा एनओसी ने देने की शिकायत, पेंशन बनवाने बारे, व अन्य विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुई।

### छात्रों ने सीखे कानून व्यवस्था के मूल सिद्धांत

**सोनीपत।** श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों को मुरथल पुलिस स्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून व्यवस्था, पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली तथा उनके दायित्वों से अवगत कराना था। इस दौरान थाने के एसएचओ राजीव ने विद्यार्थियों को थाना परिसर का दौरा करवाया और उन्हें एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, साइबर अपराधों से बचाव, ट्रैफिक नियमों के महत्व तथा आपातकालीन सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### गांव नाहरी में अवैध कॉलोनी ध्वस्त की

**सोनीपत।** एसएमडीए की टीम ने सोमवार को गांव नाहरी की राजस्व संपदा के अंदर नियंत्रित क्षेत्र खरखौदा में 7.5 एकड में फैली 02 अवैध कालोनी जिसमें 66 डीपीसी, 1 निर्माणाधीन मकान व 2.5 एकड़ में ईंटों से बने रास्तों को ध्वस्त किया। सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण(एसएमडीए) से जिला नगर योजनाकार नीलम ने बताया कि कार्यवाही ड्यूटी मजिस्ट्रेट सहायक अभियंता एसएमडीए अंकित तथा एसएमडीए इंफोर्समेंट पुलिस टीम की मौजूदगी में की।


## गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

# गो सेवा के लिए कानून लागू करने और केंद्र स्तर पर गो सेवा मंत्रालय बनाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

**गोशालाओं का आर्थिक संकट भी उठाया**

गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को क्षेत्र की विभिन्न गोशाला कमेटियों ने एसडीएम प्रवेश कादियान के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में देशभर में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और इसे समाप्त करने की मांग की गई, ताकि गोमाता पूर्ण रूप से सुरक्षित रह सके। श्री गोशाला गन्नौर के प्रधान कृष्ण राठी ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से गोमाता को राष्ट्र माता, राष्ट्र देव, राष्ट्र आराध्य, राष्ट्र धरोहर अथवा राष्ट्र आधार का सम्मानित दर्जा देने की मांग उठाई। साथ ही गो सेवा हेतु केंद्रीय कानून लागू करने और केंद्र स्तर पर गो सेवा मंत्रालय बनाने की बात कही गई, जिससे पूरे भारत में समान रूप से गो सेवा सुनिश्चित हो सके। इस दौरान गोशाला संचालकों ने अपनी आर्थिक परेशानियां भी सामने रखीं। श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर गोशाला गढ़ी के प्रधान सतपाल शर्मा व 108 मोहनदास गोशाला से धर्मबीर नंबरदार ने बताया कि वर्ष 2025 में सरकार की ओर से केवल तीन महीने ही सहायता राशि के चेक मिले हैं, जिसके चलते गोशालाएं आर्थिक संकट से जूझ रही हैं और चारे की कमी बनी हुई है। संचालकों ने कहा कि वे स्थानीय नेताओं से भी मिले, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला। उन्होंने सरकार से समय पर आर्थिक मदद देने की मांग उठाई, ताकि गोशालाओं का संचालन सुचारू रूप से हो सके।



**खरखौदा।** एसडीएम को ज्ञापन देते मनीष आर्य व अन्य। फोटोः हरिभूमि

### गोमाता संस्कृति और आस्था का प्रतीक

**खरखौदा।** गो सम्मान आवाह्न अभियान के अंतर्गत गुरुकुल बरोणा के आचार्य मनीष के नेतृत्व में गौभक्तों ने गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने और गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर एसडीएम खरखौदा अमित कुमार को प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई कि देशभर में गौ संरक्षण को सशक्त बनाने के लिए कड़े कानून लागू किए जाएं और गौ हत्या पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, इसलिए उसके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाना आवश्यक है। इस मौके पर आर्य मनीष दहिया, जय सिंह, सुरेश शास्त्री, संदीप, रोहित मौजूद रहे।



**गोहाना।** गायों का सम्मान प्रकट करते हुए नागरिक। फोटोः हरिभूमि

### गो माता की सेवा राष्ट्र धर्म का प्रतीक

- लावारिस पीड़ित पशु गोशाला में गो माता सम्मान समारोह का किया आयोजन

**गोहाना।** पानीपत रोड गोहाना स्थित राष्ट्रीय वैदिक परमार्थ ट्रस्ट द्वारा संचालित लावारिस पीड़ित गोशाला में गो माता सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह मे नागरिकों ने गाय के प्रति सम्मान प्रकट किया। मार्गदर्शन मोर्चे के मुख्य संरक्षण का आजाद सिंह दांगी का रहा। मुख्य वक्ता ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दास सैनी ने कहा वेद शास्त्रों में गाय को लोक कल्याण और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक माना गया है। भारतीय संस्कृति और परंपरा में इस दिवस का मुख्य उद्देश्य गो माता की सुरक्षा सुनिश्चित करना और देश में गो हत्या को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए जन जागरण संदेश देना है। सैनी ने कहा कि गाय केवल एक पशु नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, कृषि, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और धार्मिक आस्था का केंद्र है। समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने की। उन्होंने कहा हर व्यक्ति को गो माता के प्रति श्रद्धा, सेवा और संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। इसके दूध, घी, गोबर और गोमूत्र कृषि, दवाई, ईंधन और जैविक खाद जैसे कामों में उपयोगी है।

## गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने को निकाली पदयात्रा

- गो सेवकों ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन
- सनातन धर्म के अनुसार गो माता के शरीर में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को सैकड़ों गो सेवकों ने शहर में परशुराम चौक से विशाल पद यात्रा निकाली। गो सम्मान आह्वान के तहत आयोजित इस यात्रा के समापन पर कार्यकर्ताओं ने एसडीएम माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम भी सौंपा। पदयात्रा में रक्षक सेना, गो रक्षक गोहाना और गो सेवा टीम खानपुर के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। रक्षक सेना प्रमुख मंजीत तिहाड़ा ने कहा कि सनातन धर्म के अनुसार गो माता के शरीर में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास है। अंग्रेजों ने भारत की गुलामी का फायदा उठाकर गो माता को केवल पशु की श्रेणी में डाल दिया था। लेकिन विडंबना यह है कि स्वतंत्रता के आठ दशक बाद भी गाय को राष्ट्र माता का दर्जा नहीं मिल पाया है।

### गो हत्या बंद हो

राजनीतिक पार्टियां केवल गो माता के नाम पर वोट की राजनीति करती हैं, जिससे समस्त हिंदू समाज खुद को ठगा हुआ महसूस करता है। तिहाड़ा ने समाज से अपील की कि तहसील, जिला और राज्य स्तर पर एकजुट होकर एक राष्ट्रीय अभियान चलाया जाए, ताकि पूरे देश में गो हत्या बंद हो और इसे लेकर कड़े कानून बनाए जा सकें। कार्यक्रम में गो सेवक सोमवीर खानपुर और संत योगी आर्य देव नाथ ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर गो सेवक अनिल मलिक, शंकर, जॉनी, सोहन, जितेंद्र गोहाना, आजाद और अशोक मौजूद रहे।

# दमकल कर्मियों की क्रमिक भूख हड़ताल शुरू

- प्रदेश के 103 दमकल केंद्रों पर 3158 स्वीकृत पद, 2208 कर्मियों में से 568 ही दे रहे ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर दमकल कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 20वें दिन राज्यव्यापी हड़ताल जारी रखी। नगर निगम कार्यालय में धरने की अध्यक्षता राज्य वरिष्ठ उपप्रधान एवं जिला प्रधान राजीव खत्री, संचालन जिला कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश ने किया। कर्मचारियों ने नई रणनीति के तहत 27 अप्रैल सोमवार से सुबह 9 से शाम 5 बजे तक क्रमिक भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया। बताया कि नपा कर्मचारी संघ हरियाणा उनके समर्थन में 1-2 मई को दो दिवसीय हड़ताल करेगा। अगर मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो यह हड़ताल अनिश्चितकालीन में तब्दील होगी। भूख हड़ताल पर बैठे नपा कर्मचरी संघ की इकाई प्रधान भारत कंडेरा, रविंद्र, कमलेश, कांता, अग्निशमन यूनियन से जिला प्रधान राजीव खत्री मौजूद रहे।



**सोनीपत।** नगर निगम कार्यालय परिसर में भूख हड़ताल के दौरान मौजूद अग्निशमन कर्मचारी यूनियन व नपा कर्मचारी संघ के सदस्य।

### रोडवेज चालक की टूटी हड्डी

राज्य प्रधान राजिंद्र सिनद ने बताया कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 103 दमकल केंद्रों पर कुल 3158 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में 2208 कर्मियों में से कुल 568 कर्मचारी ही ड्यूटी पर हैं, जबकि 1648 दमकल कर्मचारी हड़ताल पर हैं। दमकल कर्मियों का आरोप है कि गर्मी के मौसम के चलते रोजाना करीब 30 भीषण आगजनी की घटनाएं सामने आ रही हैं। जगह-जगह फायर विभाग की गाड़ियां समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। आग बुझाने के लिए रोडवेज व होमगार्ड के कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई है, जो अनुभवी नहीं है। इसी के चलते 25 अप्रैल को राई इंडस्ट्रीज फायर स्टेशन के पास आग लगी, तो फायर काल पर रोडवेज चालक सोनू ने फायर मॉनिटर से आग बुझाई।

# हाईटेंशन लाइन के सुधार की मांग

- सरपंच पूजा, चांद सिंह, प्रगतिशील किसान युद्धविंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

गांव जाजी में लंबित विकास कार्यों व जाजी पावर ग्रिड से शिवानी जा रही हाईटेंशन लाइन के सुधार की मांग को लेकर सरपंच पूजा, चांद सिंह, पूर्व समिति सदस्य एवं प्रगतिशील किसान युद्धविंद्र सिंह मोहाना ने उपायुक्त नेहा सिंह को मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से गांव जाजी में रुके हुए विकास कार्यों को जल्द पूरा करने की मांग की। सरपंच पूजा ने बताया कि गांव जाजी में 7 साल से अधूरे पड़े हाईवे पर स्वागत द्वार की सुंदरता, जोहड़ों की चारदीवारी, फिरनी के अधूरा कार्य, खेतों के रास्ते, बारिश के दौरान छोटे जोहड़ में जलभराव की स्थिति बनने से उसकी खोदाई करवाकर आकार बढ़ाया जाए। बारिश के पानी की निकासी, खेतों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए पाइपलाइन डलवाने की मांग की। साथ ही जाजी पावर ग्रिड जैसे मुद्दे पर भी ध्यान केंद्रित किया। सरपंच ने उपायुक्त को बताया कि जाजी पावर ग्रिड से 400 केवी की हाइटटेंशन लाइन जो शिवानी जा रही है, उसमें जाजी, मोहाना, गुहना सभी किसानों के खेत के कोठड़ों, ट्यूबवेल, छायादार पेड़ों व साथ लगते बाग को बचाते हुए कार्य करवाया जाए।



**सोनीपत।** उपायुक्त नेहा सिंह को मांग पत्र देते गांव जाजी के प्रतिनिधि।

# सेवाओं की गुणवत्ता का लिया जायजा

- राज्य स्तरीय टीम ने सोनीपत में योजनाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन और उनकी गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से सोमवार को एक उच्च स्तरीय राज्य स्तरीय टीम ने जिले का दौरा किया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार गठित इस फील्ड-बेस्ड असेसमेंट टीम का नेतृत्व सीजेएम-कम-जॉइंट मेंबर सेक्रेटरी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला मानविका यादव ने किया। मानविका यादव ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को सरल और त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जाए।



**सोनीपत।** निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्य साथ में सीजेएम एवं अन्य।

### ये रहे मौजूद

टीम ने विशेष रूप से एसआरएम यूनिवर्सिटी गांव जाखौली, जिला एडीआर सेंटर तथा जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजेबी) सोनीपत में स्थित केंद्रों का बारीकी से अवलोकन किया। एसआरएम यूनिवर्सिटी में निरीक्षण के दौरान डॉ. विजय कुमार सिंह (डीन), डॉ. शालिनी सक्सेना (एचओडी), अजीत सिंह (असिस्टेंट प्रोफेसर-कम-कन्वीनर) और डॉ. प्रियंका दत्ता (कन्वीनर लीगल एड क्लीनिक) उपस्थित रहे, जबकि ग्राम सेवली के सरपंच प्रशांत सहित ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# खाद-बीज विक्रेताओं की सांकेतिक हड़ताल

- ब्लॉक प्रधान के नेतृत्व में सभी दुकानदारों ने दोपहर 2 बजे तक अपनी दुकानें बंद रखीं
- विक्रेताओं ने कृषि से जुड़े नियमों में संशोधन की आवश्यकता जताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

गन्नौर ब्लॉक के खाद-बीज एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को विक्रेताओं ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। ब्लॉक प्रधान धर्मवीर छिक्कारा के नेतृत्व में आयोजित इस हड़ताल के दौरान सभी दुकानदारों ने दोपहर 2 बजे तक अपनी दुकानें बंद रखीं और सरकार के समक्ष विभिन्न मांगें रखीं। हड़ताल के दौरान विक्रेताओं ने कृषि से जुड़े नियमों में संशोधन की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि खाद-बीज के सैंपल फेल होने की स्थिति में दुकानदारों को जिम्मेदार ठहराया जाता है, जबकि उत्पाद कंपनी से सीलबंद स्थिति में आता है। ऐसे में इसकी जिम्मेदारी कंपनी की होनी चाहिए, न कि विक्रेता की। हड़ताल में उपप्रधान सुनील घनखड़, खजांची राजू चौधरी, नरेंद्र लाकड़ा, सुरेश पाल, कृष्ण छिक्कारा, संदीप छिक्कारा, विक्की, पंकज त्यागी, कुलदीप खत्री और टीकू गोस्वामी सहित कई विक्रेता मौजूद रहे।




**गन्नौर।** खाद-बीज एसोसिएशन सांकेतिक हड़ताल में रोष व्यक्त करते हुए।

### व्यवसाय प्रभावित

प्रधान धर्मवीर छिक्कारा ने कहा कि कई बार होलसेलर द्वारा खाद के साथ अन्य सामान भी जोड़ दिया जाता है, जिससे दुकानदारों पर अतिरिक्त दबाव बनता है। उन्होंने मांग की कि इस प्रकार की अनिवार्यता समाप्त की जाए, ताकि किसान को उसकी जरूरत के अनुसार ही सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा विक्रेताओं ने अपने कमीशन में बढ़ोतरी की भी मांग उठाई। उनका कहना है कि वर्तमान व्यवस्था में उन्हें पर्याप्त लाभ नहीं मिल पाता, जिससे व्यवसाय प्रभावित होता है।

**निरीक्षण** | खंड शिक्षा अधिकारी ने खूबड़ू प्राइमरी स्कूल का किया निरीक्षण

# स्कूल में शिक्षा व्यवस्था-प्रशासनिक कार्यप्रणाली में कई खामियां मिली

- स्कूल हेड भूपेंद्र का एक दिन का वेतन रोकने की गई सिफारिश
- भविष्य में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : सुरजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी सुरजीत ने गांव ख़ूबड़ू स्थित राजकीय प्राइमरी स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में शिक्षा व्यवस्था व प्रशासनिक कार्यप्रणाली में कई गंभीर खामियां सामने आईं, जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शनिवार को करीब 11 बजे स्कूल पहुंचे, लेकिन उस समय तक न तो बच्चों की हाजिरी दर्ज की गई थी और न ही मिड डे मील से संबंधित कोई रिकॉर्ड अद्यतन पाया गया। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि स्कूल रजिस्टरों का रखरखाव ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा था, जबकि विभाग द्वारा समय-समय पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। बीईओ ने बताया कि मौके पर मौजूद स्टाफ को कड़ी हिदायत दी कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



खंड शिक्षा अधिकारी सुरजीत।

### जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाएं


निरीक्षण के दौरान स्कूल परिसर की साफ-सफाई, कक्षाओं की स्थिति और शिक्षण कार्य की भी समीक्षा की गई। कुछ कमरों में अव्यवस्था और शिक्षण सामग्री के समुचित उपयोग का अभाव भी पाया गया। गंभीर लापरवाही को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल हेड का एक दिन का वेतन काटने की सिफारिश उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा विभाग का उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराना है, लेकिन इसके लिए स्कूल प्रशासन को भी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभानी होगी।

# पौष्टिक भोजन तैयार करने के तरीके समझाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

**ग्रामीणों को संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली की दी जानकारी**

गेटवे इंस्टीटियूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने ग्राम नंदनौर, जिला सोनीपत में संतुलित आहार एवं पोषण जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन सीएसई विभाग के अनिल अरोड़ा की देखरेख में किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य, पोषण और संतुलित जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को दैनिक भोजन में अनाज, दाल, हरी सब्जियां, फल, दूध और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करने के महत्व के बारे में बताया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष पोषण की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। पोस्टर और चार्ट के माध्यम से कम खर्च में पौष्टिक भोजन तैयार करने के तरीके समझाए गए। कार्यक्रम में स्वच्छता, साफ पानी और नियमित व्यायाम के महत्व की भी जानकारी दी गई।




**सोनीपत।** अभियान के दौरान ग्रामीणों को जागरूक करते हुए। फोटोः हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### 30 वाहन चालकों के किए चालान

**खरखौदा।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी है। सोमवार को भी ट्रैफिक पुलिस ने नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 30 चालान किए। ये चालान उन लोगों के किए गए जो बिना दस्तावेजों के वाहन चला रहे थे या ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। पुलिस की नजर अब अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर भी है। कई दुकानदारों ने अपनी दुकान का सामान सड़क तक फैलाकर कब्जा कर रखा है, जिससे जाम की स्थिति बन रही है।

### मांग पर लाइब्रेरी चिड़ाना होगी वाई-फाई युक्त

**गोहाना।** शहीद भगत सिंह लाइब्रेरी चिड़ाना में कार्यकारिणी की मासिक बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ग्रामीण पाठकों को आधुनिक सुविधा प्रदान करने और वर्तमान समय की आवश्यकता के अनुरूप लाइब्रेरी परिसर को वाई-फाई से युक्त करवाया जाए। बैठक की अध्यक्षता कमेटी अध्यक्ष अनील लठवाल ने की। कार्यकारिणी ने लाइब्रेरी को वाई-फाई बनाने का जिम्मा लाइब्रेरी संस्थापक मास्टर राजेश लठवाल को सौंपा।

### बैय्यांपुर में आग से गेहूं के अवशेष जलकर राख

**सोनीपत।** गांव बैय्यांपुर में सोमवार दोपहर अचानक लगी आग से गेहूं के लगभग 30 एकड़ खेतों में पड़े अवशेष जलकर राख हो गए। आग की इस घटना से किसानों को भारी नुकसान हुआ है और पशुओं के चारे को लेकर चिंता बढ़ गई है। किसान रणबीर सिंह और जसबीर सरोहा ने बताया कि दोपहर के समय गांव ककरोई की ओर खेतों में आग लगी हुई थी। उस समय तेज हवा चल रही थी, जिसके कारण आग तेजी से फैलते हुए बैय्यांपुर के खेतों तक पहुंच गई। देखते ही देखते आग ने बड़े क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया और करीब 30 एकड़ में फैले गेहूं के फांस जलकर राख हो गए।

## हर प्लेटफार्म पर होगा एक्सीलेटर व लिफ्ट, बुजुर्ग और दिव्यांगजनों को सुविधा

# रेलवे स्टेशन पर 4.50 करोड़ से तैयार नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में

1 गोलाकार में लगाए शेड, सीढ़ियों का काम पूरा, एक्सीलेटर व लिफ्ट का कार्य जल्द पूरा करवाने के निर्देश

2 रेलवे स्टेशन परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को पूरा करवाने के लिए मार्च में बढ़ाई गई थी 3 माह की अवधि

3 रेलवे स्टेशन परिसर में भी कई जगह यात्रियों को सुविधा और धूप व बारिश से होगा बचाव, पिलर बनकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले सोनीपत स्टेशन पर बनाए जा रहे नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में है। फुट ओवरब्रिज पर गोलाकार के शेड व सीढ़ियां बनाने का काम पूरा हो चुका है, जल्द ही चारों प्लेटफार्म पर फुट ओवरब्रिज के साथ एक्सीलेटर व लिफ्ट भी लगाई जाएगी। एक्सीलेटर के लिए बेस तैयार कर लिए गए हैं, जबकि लिफ्ट लगाने के लिए पिलर लगवाकर उन्हें इंटीरियर डिजाइन करवाया जा रहा है। साथ ही बिजली संबंधी कार्य भी एक साथ चल रहे हैं। उम्मीद है कि यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर अगले माह नए फुट ओवरब्रिज की सौगात मिल सकती है। नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण पूरा करने की जिम्मेदारी जालंधर की कंपनी को सौंपी गई है।

प्रदेश में ए ग्रेड श्रेणी में शामिल सोनीपत स्टेशन पर फिलहाल एकल फुट ओवरब्रिज होने से ट्रेनों के ठहराव के समय यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत सोनीपत स्टेशन पर एक और 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज के निर्माण पर करीब 4.50 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। इस राशि में बिजली संबंधी कार्य भी शामिल किए गए हैं। फुट ओवरब्रिज पर शेड लगाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब केवल सीढ़ियों पर शेड लगाना शेष रह गया है। इससे यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ने के साथ धूप व बारिश से भी बचाव हो सकेगा। एक्सीलेटर व लिफ्ट लगाने के लिए एक साथ कार्य प्रगति पर हैं। फुट ओवरब्रिज से यात्री प्लेटफार्म नंबर एक से सभी प्लेटफार्म पर आसानी से पहुंच सकेंगे। साथ ही फुट ओवरब्रिज की सीढ़ियां को दूसरे प्रवेश द्वार की तरफ उतारा जाएगा। नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण होने से यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।



**सोनीपत।** स्टेशन पर तैयार किया गया नया फुट ओवरब्रिज।

### सीढ़ियां चढ़ने के झंझट से मिलेगी मुक्ति

अधिकारियों की मानें तो नए फुट ओवरब्रिज के साथ प्रत्येक प्लेटफार्म व दूसरे प्रवेश द्वार पर एक्सीलेटर व लिफ्ट लगवाई जाएंगी। इनमें चार एक्सीलेटर व चार लिफ्ट का सामान सोनीपत पहुंच चुका है। दैनिक यात्री कई वर्ष से स्टेशन परिसर में खासकर बुजुर्गों व यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट लगवाने की मांग करते आ रहे थे। यात्रियों की मांग पूरी होने पर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाले खासकर बुजुर्गों, दिव्यांग, महिला यात्रियों व बच्चों को जल्द सामान लेकर सीढ़ियां चढ़ने के झंझट से मुक्ति मिलेगी।

### योजना के तहत खर्च हो रहे 29 करोड़ रुपये

सोनीपत स्टेशन से रोजाना दिल्ली-अंबाला व गोहाना-जींद रूट पर करीब 40 हजार यात्री आवागमन करते हैं। स्टेशन पर एक दशक में रेल यात्रियों की संख्या में करीब 40 फीसदी तक इजाफा हुआ है। यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत 29 करोड़ रुपये की राशि से विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे हैं

### आवश्यकतानुसार सुवाधिओं का हो रहा विस्तार

सोनीपत स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत आवश्यकतानुसार सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। योजना के तहत यात्रियों के लिए एक और नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जारी है। सभी कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। -**पुष्पेश रमण त्रिपाठी**, रेल प्रबंधक



**गोहाना।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए निदेशक निर्मल लाठर और डॉ. मनजीत खासा। फोटो : हरिभूमि

### जिला स्तरीय कौशल प्रदर्शनी में ओपीएस प्रथम

**गोहाना।** गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल में शनिवार को जिला स्तरीय अन्तर विद्यालय कौशल परदर्शनी के विजेता मेधावियों व मार्गदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मार्गदर्शन स्कूल की निदेशक निर्मल लाठर का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने की जबकि संयोजन उप प्राचार्या रेखा बजाज का रहा। प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने बताया की सोनीपत स्थित हिंदू विद्यापीठ में अन्वेषणम 2026 का आयोजन किया गया था। स्टेम फॉर विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के सब थीम पर आयोजित इस प्रदर्शनी में 14 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनी के वरिष्ठ वर्ग में ग्रीन एनर्जी और सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर अंश बजाज व तेजस की टीम ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों का मार्गदर्शन शिक्षक राजन चुघ व पूनम हुड्डा ने किया। परदर्शनी के कनिष्ठ वर्ग में वीएफ एक्स गेमिंग कोडिंग व एनिमेशन थीम पर आयोजित प्रतियोगिता में मयंक, वंश व अनिकेत की टीम को कॉन्सोलेशन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। टीम का मार्गदर्शन शिक्षिका किरण खुराना ने किया।

### गेहूं की फांस में आग लगने से भोगीपुर पावर हाउस की केवल जली, बिजली आपूर्ति बंद

**गन्नौर।** गांव राजलू गढ़ी में लगी गेहूं की फांस में आग लगने के कारण भोगीपुर पावर हाउस की 144 के वी की बिजली आपूर्ति लाइन प्रभावित होने के कारण पावर हाउस की रविवार को की शाम करीब 6 बजे बिजली आपूर्ति बंद हो गई। बिजली आपूर्ति बंद होने का कारण बादशाही रोड पर बने रेलवे अंडरपास के पास रेलवे लाइन क्रॉसिंग के लिए दबाई गई एक्सएलपीई केवल में आग लगने से डबल शर्किट हो गया और करीब 6 बड़ी केवल जल गई। सूचना मिलने के बाद सोमवार की सुबह मोके पर बिजली विभाग के एसई ,एक्शन प्रवीण गर्ग, एसडीओ अभिषेक, जे ई विकास शर्मा के अलावा विभाग की पूरी टीम मौके पर पहुंची और मौका मुआयना कर केवल बदलने का काम शुरू करवाया। पावर हाउस की सप्लाई बंद होने के बाद बीती रात को भोगपुर पावर हाउस से संबंधित गांव राजलू गढ़ी, पांची जाटान, उद्देशीपुर , अगवानपुर गांव की बिजली आपूर्ति को आसपास के पावर हाउस से जोड़कर बीती रात को करीब एक से दो घंटे के बीच बिजली आपूर्ति दी गई और सोमवार को भी दिन में बिजली से संबंधित जरूरी काम निपटाने के लिए बिजली आपूर्ति की व्यवस्था कर दी गई। बिजली आपूर्ति प्रभावित होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रात के समय लोगों के इनवर्टर बंद होने के कारण बिजली का इंतजार करते रहे। लोगों ने बताया कि पूरी रात में एक से डेढ़ घंटे के बीच में बिजली आपूर्ति हुई।

## कीटनाशक विक्रेताओं ने की हड़ताल

- विभिन्न मांगों को लेकर दोपहर 2 बजे तक बंद रखे प्रतिष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाई विक्रेताओं ने सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक बंद रखा। इस दौरान प्रातः से दोपहर 2 बजे तक विक्रेताओं ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सरकार और प्रशासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया। जिला फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड एंड सीड्स एसोसिएशन के प्रधान संजय सिंगला ने कहा कि वर्तमान समय में कृषि विक्रेता विकट परिस्थितियों से गुजर रहे हैं, जिसके चलते आंदोलन करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि यूरिया और डीएपी जैसे अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर-जरूरी उत्पादों की जबरन टैगिंग की समस्या का समाधान किया जाए और उर्वरकों पर डीलर मार्जिन बढ़ाया जाए। उन्होंने मांग की कि उर्वरक विक्रेताओं को एफओआर आधार पर उनके सेल्स प्वाइंट तक सामग्री उपलब्ध करवाई जाए। साथ ही सीलबंद उत्पादों के सैंपल फेल होने पर विक्रेताओं को जिम्मेदार न ठहराकर इसकी जिम्मेदारी निर्माता कंपनियों की तय की जाए। इस मौके पर एसोसिएशन के महासचिव सतीश कुमार गुप्ता, शशि नागपाल, कोषाध्यक्ष तरुण खत्री, यशपाल, संत कुमार, मुकेश, अमित बंसल, नरेंद्र लकड़ा आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** विरोध जताते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### गढ़ी झंझारा रोड पर सीवर का ढक्कन टूटने से हादसे की आशंका

**गन्नौर ।** गढ़ी झंझारा रोड पर सीवर का ढक्कन टूटने से क्षेत्र में हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क पर स्थित सीवर का ढक्कन लंबे समय से क्षतिग्रस्त है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को खतरा बना हुआ है। सीवर निर्माण में निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके कारण ढक्कन बार-बार टूट जाते हैं। उनका कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। अस्थायी रूप से मरम्मत कर दी जाती है, लेकिन कुछ समय बाद स्थिति फिर से जस की तस हो जाती है। लोगों ने बताया कि यह मार्ग काफी व्यस्त है और इसी रास्ते से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी गुजरते हैं।

## नारी शक्ति देश के विकास की दिशा तय करने वाली निर्णायक शक्ति: गहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

- नारी शक्ति वंदन विधेयक पर विधायक का विधानसभा में सशक्त संबोधन

राई विधानसभा क्षेत्र की विधायक कृष्णा गहलावत ने विधानसभा सत्र के दौरान नारी शक्ति, महिलाओं के अधिकार और उनकी राजनीतिक भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि उन्हें इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात रखने का अवसर मिला, जो देश की आधी आबादी के सम्मान, अधिकार और सशक्त भविष्य से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक एक ऐतिहासिक कदम है। यह इस विश्वास का प्रतीक है कि नारी शक्ति देश के विकास की दिशा तय करने वाली निर्णायक शक्ति है।

### प्रस्ताव का समर्थन करने का आग्रह



*विधायक कृष्णा गहलावत ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश ने स्पष्ट रूप से देखा है कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले तीन दशकों में जब-जब महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की बात आई, तब-तब विपक्ष ने उसे अटकाने, लटकाने और भटकाने का काम किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने सदन के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर इस प्रस्ताव का समर्थन करें और आत्ममंथन करें कि महिलाओं के अधिकारों के मुद्दे पर हम कहां खड़े हैं।*

### बड़ी गांव के पास पलटे ट्रक से जीटी रोड सर्विस लाइन बंद, वाहन चालकों में रोष

**गन्नौर।** जी टी रोड पानीपत दिल्ली लाइन पर बड़ी गांव के पास सर्विस लाइन पर बीती रात सामान से बड़ा ट्रक पलटने के कारण सर्विस लाइन देर रात से सोमवार को दिन में करीब 5 बजे तक पूरी तरह से बंद रही। रानी की बात है कि जिम्मेदारों को किस घटना का पता नहीं लगा और सर्विस लाइन बंद होने के कारण आवागमन करने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सर्विस लाइन से जाने वाले लोग वापस आकर फ्लाईओवर पर चढ़कर अपने गंतव्य की तरफ रवाना हुए। ट्रक के बीती रात से पलटने के कारण वाहन चालक इस बात से हैरान है कि अब तक सर्विस लाइन बंद है और ट्रक को साइड में भी नहीं करवाया गया है। वाहन चालक सुरेश सतबीर महेंद्र ने बताया कि बड़ी गांव के साथ में सर्विस लाइन पर ट्रक किस तरह से पलटा हुआ था कि दो पहिया वाहन भी नहीं निकल पा रहा था जिस कारण वाहन चालकों को वापस मुड़ना पड़ा। वाहन चालकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लेना चाहिए अन्यथा कोई भी हादसा हो सकता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



**खरखौदा।** रजत पदक से सम्मानित वेटलिफ्टर कोमल कोहाड़

### कल्पना चावला अकादमी की कोमल ने यूनिवर्सल कप में जीता सिल्वर मेडल

**खरखौदा ।** कल्पना चावला अकादमी के लिए सोमवार का दिन अत्यंत गौरवपूर्ण और खुशी का रहा। विद्यालय की होनहार छात्रा कोमल कोहड़ ने यूनिवर्सल कप में 27 अप्रैल 2026 को एपिया, समोआ के तुआनिमातो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित भारोत्तोलन चैंपियनशिप (जूनियर/सीनियर/यूथ) में 48 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल (रजत पदक) जीतकर विद्यालय का मस्तक गर्व से ऊंचा कर दिया है। कोमल की यह शानदार उपलब्धि उनके कोच सत्यवान के कुशल मार्गदर्शन और निरंतर देख-रेख का परिणाम है, जिन्होंने उनकी प्रतिभा को निखारने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस शानदार उपलब्धि के बाद जब कोमल विद्यालय पहुंचीं, तो उनका ढोल-नगाड़ों और हर्षोल्लास के साथ भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में पहुंचते ही उनका तिलक लगाकर और फूलों की मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान वहां मौजूद सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या उषा वत्स और प्राथमिक प्रभारी रितु विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्राचार्या उषा वत्स ने छात्रा के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया और उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और भारोत्तोलन के प्रति उनके संघर्ष की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### बिजली संकट पर किसानों ने दिया धरना समाधान का आश्वासन मिलने के बाद हटे

**गन्नौर ।** गांव उदेशीपुर में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों और ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति बाधित रहने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन के नेता वीरेंद्र पहल ने बताया कि पिछले दिन से बिजली बंद होने के कारण क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है और आमजन के साथ पशुधन भी प्रभावित हो रहा है। धरने में शामिल किसानों ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच दिनभर खेतों में काम करने के बाद रात को बिजली न होने से परेशानी और बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को समस्या की गंभीरता से अवगत कराया और चेतावनी दी कि यदि दो घंटे के भीतर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो वे उच्च अधिकारियों के कार्यालय के बाहर भी विरोध तेज करेंगे। किसान वीरेंद्र ने बताया कि स्थिति की जानकारी मिलते ही बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों को तुरंत समस्या के समाधान के निर्देश दिए। अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। धरने में भारतीय किसान यूनियन के नेता वीरेंद्र पहल, बिजेंद्र मलिक, राजेंद्र सरोहा, सुरेंद्र राठी, भूपेंद्र मलिक, होकमचंद सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



**गन्नौर।** भारतीय किसान यूनियन के नेता वीरेंद्र पहल ग्रामीणों के साथ रोष व्यक्त करते हुए।



**सोनीपत।** यूनियन के नवनियुक्त पदाधिकारी शपथ लेते हुए।

### नई जिला कमेटी का सर्वसम्मति से गठन मई दिवस मनाने का लिया निर्णय

**सोनीपत।** सोमवार को हुड्डा जनस्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन जिला कमेटी सोनीपत संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की चुनावी सभा सुबह 10 बजे यूनियन ऑफिस एचएसवीपी कंपलेक्स सेक्टर-15 सोनीपत में आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर और सुरेश मदीना ने की, जबकि सुरेश रोहिल्ला राज्य उप प्रधान तथा विजेंद्र रिवाल राज्य सलाहकार ने चुनावी सभा का संचालन किया। सभा में एक मई को मई दिवस और मजदूर दिवस इसी स्थान पर मनाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही नेताओं की देखरेख में जिला कमेटी सोनीपत का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न कराया गया। इसमें सुरेन्द्र कुमार को जिला प्रधान, सुनील विढला, शमशेर सिंह और जोगिंद्र सिंह को जिला उप प्रधान, योग प्रकाश को जिला सचिव और लेखा निरीक्षक, अरुण को जिला कैशियर, जगबीर को संगठन सचिव, जीवन लाल, शुभम और राकेश चांवरिया को प्रचार सचिव तथा ध्रुव कुमार को प्रेस सचिव चुना गया। इसके अलावा अश्विनी शर्मा, सुरेश रोहिल्ला, बिजेंद्र रिवाल और बंसी लाल को सलाहकार बनाया गया। नवगठित जिला कमेटी ने हरियाणा सरकार से जॉब सुरक्षा गारंटी पत्र जल्द जारी करने और बार-बार समय सीमा बढ़ाने पर रोक लगाने की मांग की है।

## केमिस्ट भवन में हुई 29वीं जिलास्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले

# बाल खिलाड़ियों ने दिखाई दिमागी ताकत



**सोनीपत।** केमिस्ट भवन में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में जिला चेस एसोसिएशन एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों, अतिथियों के साथ मौजूद विजेता खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में एटलस रोड के पास केमिस्ट भवन में आयोजित दो दिवसीय 29वीं जिलास्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन किया गया। प्रतियोगिता में दूसरे दिन अंडर-9, अंडर-13 व अंडर-17 आयु वर्गों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। ऑग्रेनाइजिंग कमेटी के वाइस चेयरमैन मनोज वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में 72 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इनमें 5-6 आयु से लेकर 17 साल तक के खिलाड़ियों को खेलते देख शतरंज में सोनीपत में भविष्य उज्जवल नजर आया।

### खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

*इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत हिंदू विद्यापीठ स्कूल के स्पोर्ट्स विभाग के अध्यक्ष देवेंद्र पाराशर ने अतिथियों के साथ मिलकर किया। इस दौरान मनोज वर्मा, नीरज मोर, रिया कौशल व ऋषभ वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीक का प्रयोग करते हुए प्रतियोगिता का बखूबी संचालन किया। प्रतियोगिता के पश्चात पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू विद्यापीठ के प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आयोजन समिति के चेयरमैन एवं द हरियाणा चेस एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष अजय गोयल, वाइस चेयरमैन स्वप्निल गोयल, जितेंद्र कुमार अग्रवाल के साथ विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान शतरंज संघ के प्रधान दयानंद सिंधू ने खिलाड़ियों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया।*

### यह रहा के परिणाम

अंडर-9 आयु वर्ग लड़कों में

| स्थान | नाम |
|---|---|
| प्रथम | नवराज |
| द्वितीय | सिद्धम |
| तृतीय | आरव |

लड़कियों में

| स्थान | नाम |
|---|---|
| प्रथम | इनाया |
| द्वितीय | कनिष्का |
| तृतीय | सौम्या |

अंडर-13 आयु वर्ग लड़कों में

| स्थान | नाम |
|---|---|
| प्रथम | हितांश |
| द्वितीय | अविराज |
| तृतीय | हर्ष |

-लड़कियों में

| स्थान | नाम |
|---|---|
| प्रथम | नम्रता |
| द्वितीय | सौम्या |
| तृतीय | दिव्या |

अंडर-17 आयु वर्ग में

| | |
|---|---|
| प्रथम : सक्षम | प्रथम : अवनी |
| द्वितीय : मोहन | द्वितीय : इश्या |
| तृतीय : लावण्य | तृतीय : आवन्या |